हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025

11 छात्रों को दिया विश्वशांति और एकता का संदेश



12 पराली जलाने वाले किसानों पर केस दर्ज कर उनके नाम



## खबर संक्षेप

### सांसद कुमारी सैलजा 28 को फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के समीप बने जिला पंचायत संसाधन केंद्र हॉल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा करेंगी। बैठक में सांसद केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रायोजित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगी।

### लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण को लगेंगे कैंप

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 1 नवंबर को हरियाणा दिवस से पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह मिलना शुरू हो जाएंगे। योजना के तहत जिला की पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है और जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिला की कोई भी पात्र महिला इस लाभ से वंचित न रहे।

### मारपीट के दो अन्य आरोपी पकड़े

**सिरसा।** बडागुढ़ा थाना पुलिस ने घर में घुसकर हमला करने व मारपीट करने के दो अन्य आरोपियों की भी धरपकड़ की है। इनमें साधु निवासी कर्मगढ़ व संदीप वासी फतेहपुरिया नियामत खान सिरसा शामिल हैं। बडागुढ़ा थाना प्रबंधक निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया की शिकायतकर्ता सौरभ निवासी फतेहपुरिया ने शिकायत दी थी कि बीती 8 सितंबर की रात लगभग 11 बजे वह अपने परिवार सहित घर पर सो रहा था, तभी राकेश, वकील, अजय, विक्रम, मोंटी, रोहित समेत अन्य लोग हथियारों सहित जबरन उसके घर में घुस आए और उस पर व परिजनों पर लाठी डंडों व कापे से हमला कर दिया।

### विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों की हुई स्थापना


**सिरसा।** जयदेव सहदेव जैन चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान ललित जैन बेगू रोड स्थित इंद्रा विकास कॉलोनी में हनुमान, बाबा रामदेव, डालीबाई, बाबा गोरखनाथ की मूर्तियों की स्थापना की है। भगत पाला राम ने बताया कि इस धाम में मां शीतला की भी मूर्ति स्थार्पित की गई जिसे महावीर प्रसाद खदरिया ने धाम को भेंट की। उन्होंने बताया इस अवसर पर अटूट भंडारे का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने किया। इस अवसर पर पूरी रात मां शीतला, बालाजी, बाबा रामदेव, गोरखनाथ का जागरण किया गया जिसमें भगतजनों ने देवी-देवताओं के भजनों पर खूब नृत्य किया और उसके पश्चात आरती की गई।

## परमल धान की आवक ने तोड़े पिछले सारे रिकार्ड

# 43325 किसानों के खातों में सरकार ने 1244.16 करोड़ रुपये किए ट्रांसफर

**बरसात के बावजूद जिले में हुई धान की बम्पर फसल, 20 हजार एमटी ज्यादा आवक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में लगी धान की ढेरिया फोटो: हरिभूमि

जिला में परमल धान के उत्पादन व बम्पर आवक ने पिछले साल के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। जिला में शुक्रवार शाम तक 7 लाख 64 हजार मीट्रिक टन परमल धान की आवक मंडियों में हो चुकी है जिनमें से 7 लाख 14 हजार की खरीद भी हो चुकी है जबकि बीते वर्ष जिले में कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद हुई थी। खरीद एजेंसियों ने खरीदे गए धान की 73.19 फीसदी लिफ्टिंग कर धान को राइस शैलरों में मिलिंग के लिए भिजवा दिया है और इसके एवज में 43325 किसानों के खातों में 1244 करोड़ 16 लाख की राशि ट्रांसफर कर दी है।जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। जिले में अब तक 7 लाख 64 हजार एमटी धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 7 लाख 14 हजार 568 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से करीब 73 प्रतिशत यानि 5 लाख 23 हजार 222 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 1 लाख 91 हजार 546 एमटी धान अब भी मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर पड़ा है।

बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 271 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 88 व एचडब्ल्यूसी को 90 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 264 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 91, हैफेड द्वारा 85 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 88 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 7 लाख 34 हजार 10 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 7 लाख 14 हजार 568 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 11885 किसानों से 2 लाख 50 हजार 613 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 72.66 प्रतिशत यानि 1 लाख 82 हजार 90 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 68 हजार 523 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 73 प्रतिशत किसानों को 437 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

### इतनी हुई धान की खरीद

हैफेड द्वारा 14534 किसानों से 2 लाख 29 हजार 940 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 74.71 प्रतिशत यानि 1 लाख 71 हजार 790 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 58 हजार 150 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 74 प्रतिशत किसानों को 405 करोड़ 29 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 16906 किसानों से 2 लाख 34 हजार 15 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 72.28 प्रतिशत यानि 1 लाख 69 हजार 142 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 64 हजार 873 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 72 प्रतिशत किसानों को 401 करोड़ 87 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बता दें कि जिले में पिछले साल कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद की गई थी।

### अनुमान के उलट धान उत्पादन में हुई बढ़ोतरी

बता दें कि जिला में इस बार मानसून के अंतिम चरण में अगस्त व सितम्बर माह में लगातार बरसात हुई थी। तब यह अनुमान लगाया जा रहा था कि बरसात का नरमा व धान की फसल पर वितरीत असर पड़ेगा। नरमा की फसल को लगभग नष्ट हो भी चुकी है जबकि धान के उत्पादन पर 20 से 25 फीसदी कमी बताई गई थी। अब जब किसानों का धान मण्डियों में आकर सरकार के हाथों बिक चुका है तब आंकड़ों ने सिद्ध किया कि इस बार धान का उत्पादन कम होने की बजाय ज्यादा रहा है। जिला में इस बार कुल 4 लाख एकड़ में धान की बिजाई व रोपाई हुई थी। इनमें 1 लाख 62 हजार एकड़ में बासमती, 1 लाख 95 हजार एकड़ में गैर बासमती तथा करीब 40 हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई की गई थी।

### पिछले पांच सालों में हुई धान खरीद

| वर्ष | एमएसपी | धान की खरीद |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1888 | 628377 |
| 2021-22 | 1960 | 667170 |
| 2022-23 | 2060 | 926298 |
| 2023-24 | 2 203 | 926432 |
| 2024-25 | 2320 | 743194 |



टोहाना। बीज लेने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़।

## बीज लेने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

# अव्यवस्था को लेकर किसानों में दिखा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के डांगरा रोड स्थित सरकारी बीज केंद्र पर बीज लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बिक्री केंद्र पर केवल एक कर्मचारी की ड्यूटी होने के कारण अव्यवस्था फैल गई और किसानों में रोष फैल गया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिस टीम की मौजूदगी में बीज वितरण का कार्य शुरू किया गया। बीज लेने के लिए लाइनों में खड़े किसानों ने बताया कि बीज बांटने के लिए सरकार की ओर से पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने शिकायत की कि वे सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन अभी तक उनका नंबर नहीं आया है। किसानों ने कहा कि विभाग द्वारा केवल एक कर्मचारी तैनात किया गया है, जो अकेले ही पैसे लेने और बीज बांटने का काम करता है। किसानों ने मांग की कि केंद्र पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए, ताकि उन्हें समय पर बीज मिल सके और ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।

**पुलिस टीम की मौजूदगी में बीज वितरण का कार्य शुरू किया**

### जल्द ही समस्या का किया जाएगा समाधान

पहले दिन बीज बांटने के लिए आया है, इसलिए भीड़ बढ़ गई है। मैनेजर ने यह भी बताया कि बीज बनने और लैब में जांच होने में समय लगा, जिसके कारण बीज आने में देरी हुई। जयबीर सिंह ने आश्वासन दिया कि समस्या को दूर करने के लिए एक अतिरिक्त कर्मचारी लगा दिया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कैंची चौक स्थित बीज बिक्री केंद्र पर 1 अक्टूबर से बीज का वितरण किया जा रहा है।

## किसान के खाते से निकाले 2.69 लाख

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने एक किसान को अपना शिकार बनाते हुए उसके दो बैंक खातो से 2.69 लाख रुपये निकाल लिए। किसान को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया के गांव लाली निवासी रणजीत ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है और उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है। इसके अलावा उसका एक केसीसी खाता व अन्य बैंक खाता भी है। तीनों खातों में उसका एक ही मोबाइल नंबर दर्ज है। उसने बताया कि 4 अक्टूबर को उसके खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 2 लाख रुपये हड़प लिए हैं जबकि इस सम्बंध में उसके पास किसी का फोन नहीं आया। जब उसे बैंक खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला तो उसने एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी मनदीप को फोन किया और उसे बताया कि उसके खाते में किसी ने छेड़छाड़ करके 2 लाख रुपये निकाल लिए हैं। मनदीप ने बताया कि उसके खाते से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। इसके अगले दिन 5 अक्टूबर को उसके उसी खाते से 40500 रुपये तथा दूसरे खाते से 29 हजार रुपये निकल गए। इस तरह उसके खातों से अज्ञात ठगों ने धोखाधड़ी करके कुल 2 लाख 69 हजार 500 रुपये निकाल लिए। इस पर उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला और उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**न कोई फोन न कोई मैसेज फिर भी निकल गए पैसे**

# सीएम नायब सिंह सैनी 31 को फतेहाबाद में, तैयारियों को लेकर बीजेपी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में फतेहाबाद में आयोजित होने वाले रन फॉर युनिटी कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाग लेंगे। सीएम के आगमन को लेकर शुक्रवार को बीजेपी जिला कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। इस बैठक में विशेष रूप में जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व विधायक दूड़ाराम, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा भी मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम को लेकर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ड्युटियां लगाई गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि सीएम नायब सैनी 30 अक्टूबर की दोपहर बाद फतेहाबाद में पहुंचेंगे। वह रात्रि विश्राम फतेहाबाद में ही करेंगे। सीएम यहां 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे पंचायत भवन से शुरू होगा।

**रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर करेंगे रवाना**



फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सभी मोर्चों व मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए कहा गया और ड्युटियां भी निर्धारित की गई। इस अवसर पर महामंत्री विकास लालोदा, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा, सुमन खिचड़, भीम लाम्बा, इंद्र गावड़ी, संजय रेवड़ी, कंवल चौधरी, पूनम सिंगला,अनूप भारद्वाज, अंकित सिंगला, मंदीप योगी, सुमन बजाज, लखमी शर्मा, बलदेव सैनी, रामकुमार मेहरा, किरण शर्मा, धर्मपाल शर्मा, विकास शर्मा, सीताराम पूनिया, सुभाष खीचड़, भूप सिगर, बिट्टू गुज्जर, अनिल सिहाग सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाथों में तिरंगा लेकर दौड़े लोग

इस दौड़ का समापन एमएम कॉलेज के मैदान में होगा। यह दौड़ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक होगी, जिसमें स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थी, खिलाड़ी, नेहरू युवा केंद्र के युवा, महिला समूह, सीनियर सिटिजन, समाजसेवी संस्थाएं और आम नागरिक शामिल होंगे। प्रतिभागी अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के जज्बे के साथ दौड़ेंगे, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा। जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य व चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा ने कार्यकर्ताओं व आमजन से अपील की है कि सीएम नायब सिंह सैनी के स्वागत व इस दौड़ में भाग लेने के लिए बढ़चढ़ कर पहुंचे।

## नागरिकों को सतर्क रहने की दी सख्त चेतावनी

# बिंगोमोड वायरस से खतरा, एक क्लिक में बैंक खाता साफ : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डिजिटल युग में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक और खतरनाक हथियार खोज लिया है। 'बिंगोमोड' नामक वायरस बैंक खातों को पलभर में खाली कर देता है और उसके बाद खुद को मोबाइल से नष्ट कर देता है। पुलिस ने इसे आत्मघाती मालवेयर बताते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सख्त चेतावनी दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि साइबर ठग अब लोगों को धोखे से संदिग्ध लिंक भेज रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उत्सुकता या अनजाने में उस लिंक पर क्लिक करता है, यह वायरस एसएमएस के जरिए मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर में घुसपैठ कर यूजर की बैंकिंग जानकारी चुरा लेता है और पैसे ट्रांसफर कर देता है। इसके बाद यह खुद को मिटा देता है, जिससे पीड़ित को भनक तक नहीं लगती कि उसके साथ क्या हुआ।

**साइबर ठग अब लोगों को धोखे से संदिग्ध लिंक भेज रहे**

### फोन उड़ जाता है डाटा



एसपी जैन के अनुसार, इस वायरस की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह संक्रमित मोबाइल से अन्य मोबाइलों में एसएमएस के जरिए खुद को फैलाने में सक्षम है। हैकर्स ने इसमें ऐसा सेल्फ-डिस्ट्रक्टिव प्रोग्राम डाला है जो जानकारी चोरी करने के बाद फोन को फैक्ट्री रीसेट मोड में ले आता है। इससे फोन का सारा डेटा मिट जाता है और यूजर के पास कोई सबूत नहीं बचता। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, बिंगोमोड एक उन्नत एंड्रॉयड रिमोट एक्सेस ट्रोजन है, जो संक्रमित मोबाइल को दूर से पूरी तरह नियंत्रित कर सकता है। यह एंड्रॉयड के मीडिया प्रोजेक्शन एपीआई के जरिए स्क्रीनशॉट लेने, यूजर की हर गतिविधि पर नजर रखने और 40 से अधिक कमांड दूरस्थ रूप से प्राप्त करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अब तक का सबसे चालाक और विनाशकारी मोबाइल मालवेयर है। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि वे व्हाट्सएप, ईमेल या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आए अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें।

# विदेश में रह रहे पड़ोसी बनकर किया फोन, मजबूरी बताकर 1.10 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव चबलामोरी निवासी एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने उसे विदेश में रहने वाले पड़ोसी बनकर फोन किया और मजबूरी बताते हुए उससे एक लाख 10 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब व्यक्ति को अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चबला मोरी निवासी बलवान सिंह ने कहा है कि वह सिलाई का काम करता है। 13 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह उसका पड़ोसी बोल रहा है। जब उसने पूछा कि कुलदीप बोल रहा है तो उसने बताया कि वह चेक रिपब्लिक जर्मनी से कुलदीप ही बोल रहा है।

### पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

कुलदीप ने उसे कहा की मजबूरी है और उसने एजेंट को 2 लाख 30 हजार रुपये अभी देने है। एजेंट की माता अस्पताल में दाखिल है। एजेंट अभी उसे फोन करेगा और वह उसके खाते में 2 लाख 30 हजार रुपये डाल दे। इसके बाद उसके पास एजेंट का फोन आया तो उसने धारनियां गांव के सीएससी सैंटर जाकर 13 अक्टूबर को 1 लाख 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब उसने अपने लड़के को फोन किया तो उसने बताया कि यह मोबाइल नंबर कुलदीप का नहीं है। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। बलवान सिंह ने आरोप लगाया कि अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके उससे 1 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए हैं। इसके बाद बलवान ने 1930 पर कॉल करके ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग पर कस्सी से किया हमला, मामला दर्ज

**ओढां।** गांव जलालआना में शराब पीकर आए व्यक्ति को गाली देने से मना किया तो उसने बुजुर्ग पर कस्सी से हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग के सिर, हाथ व अन्य जगहों पर काफी चोटें लगी। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच अधिकारी सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने घायल गुरमेल सिंह के बयान पर आरोपी वजीर सिंह निवासी जलालआना के खिलाफ धमकी देने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हमले में प्रयुक्त कस्सी भी बरामद कर ली है। घायल गुरमेल सिंह ने अपने बयान में बताया कि 21 अक्टूबर की रात्रि वह अपने घर पर सो रहा था। आधी रात को गांव का ही वजीर सिंह शराब पीकर उसके भाई मलकीत सिंह के घर के सामने आया और उसे व उसके भाई को गालियां देने लगा।

## गुजरात व राजस्थान की गोशालाओं को उपलब्ध करवाया जाता है चारा

# निर्मल धालीवाल पराली प्रबंधन कर 40 लोगों को दे रहे रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिले के गांव पोहडक्कां के निर्मल धालीवाल पराली प्रबंधन कर 40 लोगों को रोजगार दे रहे हैं। निर्मल धालीवाल ने वर्ष 2018 में पराली से गांठे बनाने की शुरूआत की और अब करीबन आठ हजार एकड़ एरिया से पराली का प्रबंधन कर पशुचारे की किल्लत को दूर कर रहे हैं।

निर्मल सिंह के पास अब तीन बड़े राउंड बेलर है, जो एक दिन में ढाई सौ एकड़ भूमि से पराली उठाकर उसकी गांठे बनाते हैं। फिर इन गांठों को दोबारा से मशीनों में प्रोसेस किया जाता है ताकि उनकी और छोटी गांठे बन पाए और यहां पराली से तूड़ी बनाने का कार्य भी किया जाता है। निर्मल धालीवाल ने शुक्रवार को बताया कि पराली का समुचित प्रयोग हो तो फसलों के मित्र कीट बचाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के अलावा काफी हद तक पशु चारे का प्रबंध हो सकता है। निर्मल सिंह पराली उठाने के बाद उसे प्रोसेस कर उसे गुजरात व राजस्थान की गौशालाओं को उपलब्ध करवाते हैं ताकि वहां गायों को पशुचारा उपलब्ध करवाया जा सके। वे स्वयं भी अपनी 20 एकड़ भूमि पर धान की बिजाई करते हैं और पराली प्रबंधन भी कर रहे हैं। निर्मल धालीवाल कई बार जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा सम्मानित भी हो चुके हैं।निर्मल धालीवाल ने बताया कि आरंभ में उसने खेतों में अवशेष जलाने से मित्र कीट नष्ट होने का आभास हुआ, जिसके बाद सोचा कि पराली का प्रबंध करेंगे और इसे किसी और प्रयोग में ले लेंगे। इसी सोच के साथ वर्ष 2018 में एक बेलर खरीदा, जो एक दिन में 20 एकड़ से पराली उठा सकता था। अधिक संसाधन नहीं थे, धीरे-धीरे इस काम को आगे बढाते रहे और फिर बेलर की संख्या में बढती की और तूड़ी बना कर बेचना शुरू कर दिया। अब उनके पास सभी बड़ी मशीनें हैं, जो एक दिन में 250 एकड़ एरिया को कवर कर सकती है।



सिरसा। राउंड बेलर के साथ निर्मल सिंह।

### दो लाख क्विंटल पराली का करते हैं प्रबंधन

निर्मल धालीवाल ने बताया कि एक एकड़ से लगभग 25 क्विंटल तक पराली निकलती है और वे करीबन दो लाख क्विंटल पराली का प्रबंधन कर रहे हैं। इस पराली में कुछ की गांठे बनाते हैं तो शेष की तूड़ी बनाई जाती है। सालभर उनके यहां प्लांट में काम चलता रहता है और उन्होंने 40 लोगों को रोजगार दिया हुआ है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के सांचौर के समीप पथमेड़ा गौशाला में ही करीबन एक लाख क्विंटल पराली से बनी तूड़ी की डिमांड रहती है। उन्होंने बताया कि वे गुजरात व राजस्थान की गौशालाओं को पराली की तूड़ी उपलब्ध करवाते हैं। उन्होंने कहा कि पावर प्लांट से भी पराली की डिमांड आती है, लेकिन वे उन्हें उपलब्ध नहीं करवाते है, क्योंकि उनका मकसद पशु चारे के प्रबंधन का है।



मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।



चमगादड़ एकमात्र स्तनधारी हैं जो उड़ सकते हैं।

# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## कौन होता है प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यताएं

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## करने होते हैं ये कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें

**प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।**

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

---

## कैंसर उपचार की रीढ़ है रेडियोथेरेपी, मरीजों की आशा की किरण

# जन सेवा के साथ करियर का बेहतरीन विकल्प 'रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट'

**विपुल शर्मा**
मोटिवेशनल स्पीकर



बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी (B.Sc in Radiotherapy Technology) जन सेवा के साथ युवाओं को करियर का बेहतरीन विकल्प उपलब्ध करवा रही है। यह तकनीक जहां कैंसर के मरीजों में आशा की किरण है, वहीं मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले युवाओं को कामयाब होने के रास्ते दिखा रही है। इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन कोर्स हो सकता है जो उनकी नौकरी की उम्मीदों को पंख दे सकता है। इसलिए युवा यह कोर्स कर अपने करियर को आसमान की बुलंदियों पर ले जा सकते हैं। आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते कैंसर मामलों ने रेडिएशन थेरेपी की मांग को तेजी से बढ़ाया है। कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसे सफलतापूर्वक देने वाले एक्सपर्ट रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी कोर्स युवाओं के लिए मेडिकल क्षेत्र में एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन चुका है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में जहां एक ओर डॉक्टर और ऑन्कोलॉजिस्ट का योगदान अहम होता है। वहीं, रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट पर्दे के पीछे से तकनीकी रूप से उपचार को सटीक और प्रभावी बनाते हैं। इनका कार्य रोगी के जीवन से सीधा जुड़ा होता है, इसलिए यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक ज्ञान बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भी परिपूर्ण है।

## क्या है रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग की जाने वाली रेडिएशन मशीनों को ऑपरेट करते हैं। ये प्रोफेशनल्स डॉक्टरों के निर्देश पर रोगी को सटीक मात्रा में विकिरण देते हैं, जिससे ट्यूमर को नष्ट किया जा सके और स्वस्थ ऊतकों को नुकसान न पहुंचे। आज के समय में रेडिएशन तकनीक अत्याधुनिक हो चुकी है जैसे रैखिक त्वरक (एलआईएनएसी), ब्रैकीथेरेपी, साइबरनाइफ और गामा नाइफ जैसी मशीनें, जिनके संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण आवश्यक होता है। रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका केवल मशीन चलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे रोगी की सुरक्षा, मशीन की मेंटेनेंस और रेडिएशन डोज की सटीक गणना जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्यों में भी शामिल होते हैं।

## बढ़ते कैंसर मरीजों के कारण बढ़ी डिमांड



## कोर्स की ये हैं जरूरी योग्यताएं

इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी/मैथ्स) न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना चाहिए। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाखिला होता है। इसके लिए आप पहले कोचिंग भी ले सकते हैं। कई निजी संस्थान भी यह कोर्स संचालित कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को संस्थान चुनते समय उसकी मान्यता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके बाद ही संस्थान का चुनाव करें। चूंकि यह कोर्स तकनीकी और मरीजों के सीधे संपर्क से जुड़ा है, इसलिए व्यवहारिक ज्ञान इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर ध्यान रखना जरूरी है।

## साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स

बीएससी इन रेडियोथेरेपी एक साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स है, जिसमें क्लासरूम टीचिंग, लैब ट्रेनिंग और हॉस्पिटल इंटर्नशिप शामिल होती है। अंतिम वर्ष में विद्यार्थियों को रेडिएशन विभाग में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे वास्तविक मरीजों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त कर सकें। कुछ संस्थानों में छात्रों को प्रोजेक्ट कार्य, केस स्टडीज और वर्कशॉप्स के माध्यम से रिसर्च का भी अवसर मिलता है। इस दौरान उन्हें न केवल तकनीकी स्किल, बल्कि रोगियों के प्रति सहानुभूति और मानसिक मजबूती जैसे गुण भी विकसित करने पर बल दिया जाता है।

## काम करके मिलता सुकून

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें न केवल करियर की स्थिरता और उन्नति है, बल्कि कैंसर पीड़ितों की ज़िंदगी को बचाने का सुकून भी शामिल है। यह विज्ञान और मानवीय सेवा का सुंदर संगम है। यदि आप मेडिकल क्षेत्र में टेक्निकल एक्सपर्ट बनने के साथ समाज सेवा का जज़्बा भी रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए उपयुक्त विकल्प हो सकता है। आने वाले वर्षों में जैसे-जैसे भारत में कैंसर उपचार सुविधाएँ बढ़ेंगी, वैसे-वैसे रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी।

### कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की भूमिका सबसे कारगर, B.Sc in Radiotherapy Technology कोर्स युवाओं को दे रहा करियर बनाने का शानदार मौका

## कोर्स करने के लिए प्रमुख संस्थान

1. पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक (पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक)
2. पी.जी.आई. चंडीगढ़ (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़)
3. एस.एम.एस. जयपुर (सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर)
4. बी.एच.यू. वाराणसी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)
5. जिपमर पुडुचेरी (जवाहरलाल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुडुचेरी)
6. एम्स दिल्ली (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)
7. सी.एम.सी. वेल्लोर (क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर)

**(नोट : इन संस्थानों से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में भारत की पहचान बना रहे हैं।)**

## यह मिल सकता है वेतन

शुरुआत में रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट का वेतन 30,000 रुपये से 45,000 रुपये प्रतिमाह तक हो सकता है। अनुभव के साथ और सरकारी अस्पतालों या प्रतिष्ठित संस्थानों में यह वेतन 60,000 रुपये से 80,000 रुपये प्रति माह तक भी पहुंच सकता है। विदेशों में यह प्रोफेशन और भी अधिक सम्मानजनक और उच्च वेतन वाला माना जाता है। साथ ही, जैसे-जैसे नई तकनीकें आ रही हैं जैसे आईएमआरटी-तीव्रता मॉड्युलेटेड रेडिएशन थेरेपी, आईजीआरटी-इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, एसआरएस/एसआरटी-स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी/स्टीरियोटैक्टिक रेडियोथेरेपी, एसबीआरटी-स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी आदि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वालों की मांग और बढ़ रही है। निजी स्वास्थ्य संस्थान अब योग्य रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट को आकर्षक वेतन पैकेज दे रहे हैं।

## यहां नौकरी के अवसर

**रेडियोथेरेपी कोर्स के बाद छात्र निम्न संस्थानों में नौकरी कर सकते हैं।**

- कैंसर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स
- मेडिकल कॉलेज व रिसर्च सेंटर
- प्राइवेट डायग्नोस्टिक और रेडिएशन यूनिट्स
- सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों के तहत
- अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर संगठनों में
- इसके अतिरिक्त, अनुभवी टेक्नोलॉजिस्ट रिसर्च, हेल्थ एजुकेशन, मेडिकल इक्विपमेंट कंपनियों या हेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी अपना करियर बना सकते हैं।

---

# हर नया दिन आपको सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने का देता मौका



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्र जीवन एक ऐसी यात्रा है जो चुनौतियों, अवसरों और भविष्य को आकार देने वाले पलों से भरी होती है। हर नया दिन आपके सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने और सफलता की ओर बढ़ने का एक मौका देता है। यह पल आपके लिए है अपनी ऊर्जा को संजोने, अपने मन को एकाग्र करने और अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करने का समय। यह व्याकुलता का नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय का समय है वर्तमान को थामने और उज्जवल भविष्य को गढ़ने का अवसर। छात्रों को अक्सर पढ़ाई, व्यक्तिगत विकास और तेजी से बदलती दुनिया की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने का भारी दबाव झेलना पड़ता है। हतोत्साहित होना या अपने लक्ष्यों से भटक जाना स्वाभाविक लग सकता है। लेकिन हर सुबह, हर बीतता क्षण, आपके सपनों के प्रति फिर से समर्पित होने का आह्वान है।

## सोचे-समझे कदमों से करें शुरुआत

दिन के ये शुरुआती पल रचनात्मकता और मेहनत के लिए एक खुला कैनवास हैं। सोशल मीडिया, आत्म-संदेह या आलस्य जैसे व्याकुलताओं के आगे झुकने के बजाय, इस समय को अपनी प्रेरणा को बढ़ाने और अपनी ऊर्जा को सार्थक कार्यों में लगाने के लिए उपयोग करें। जैसा कि एक प्रेरक हिंदी कथन कहता है कि सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है। यह उद्धरण इस पल को थामने के सार को दर्शाता है। सुबह का यह समय, जब दुनिया संभावनाओं से भरी जाग रही होती है, आपके लिए एक नई शुरुआत है। आपकी मेहनत, आपके प्रिय सपनों के साथ मिलकर, आपको आगे बढ़ा सकती है। चाहे आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हों, किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हों, या अपनी रुचियों को खोज रहे हों, यह वह समय है जब आपको पूरे उद्देश्य के साथ कार्य करना है। रचनात्मकता एक छात्र के रूप में आपकी सबसे बड़ी ताकत है। यह केवल किताबी ज्ञान या तथ्यों को रटने तक सीमित नहीं है; यह नए दृष्टिकोण अपनाने, अनोखे समाधान खोजने और चुनौतियों को रचनात्मक ढंग से हल करने के बारे में है। लेकिन व्याकुलताएं रचनात्मकता की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। वे आपका ध्यान भटकाती हैं और उस ऊर्जा को कमजोर करती हैं जिसे आप सीखने और विकास में निवेश कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को क्षणिक प्रलोभनों से ऊपर रखकर, आप अपने भविष्य को आकार देने की शक्ति को फिर से हासिल करते हैं। इस पल का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, छोटे-छोटे, सोचे-समझे कदमों से शुरुआत करें। दिन के लिए स्पष्ट और प्राप्य लक्ष्य बनाएं, अपने कार्यों को छोटे हिस्सों में बांटें और अपनी हर छोटी उपलब्धि का उत्सव मनाएं।

## हर सफल व्यक्ति एक छात्र

अपने चारों ओर सकारात्मकता लाएं -चाहे वह प्रेरक दोस्त हों, मार्गदर्शक शिक्षक हों, या एक शांत स्थान जो आपके विचारों को उड़ान दे। याद रखें, हर सफल व्यक्ति कभी एक छात्र था, जिसने हार नहीं मानी, जिसने सुविधा के बजाय संघर्ष को चुना, और जिसने हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखा। सुबह का यह समय आपके सपनों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। दुनिया आपके अनोखे योगदान, आपके विचारों और आपकी दृढ़ता की प्रतीक्षा कर रही है। इस पल को अपनाएं, अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करें और अपने लक्ष्यों की ओर साहसपूर्वक कदम बढ़ाएं। एक छात्र के रूप में आपकी यात्रा केवल मंजिल तक पहुंचने की नहीं है यह उस रास्ते में अपने सर्वश्रेष्ठ स्वरूप को खोजने की है। तो, उठें, कर्म करें और हर क्षण को अमूल्य बनाएं।

### खुद पर भरोसा करो, क्योंकि तुम्हारी ताकत तुम्हारे भीतर छिपी है

आत्मविश्वास सफलता की नींव है। यह उद्धरण छात्रों को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। जब आप खुद पर विश्वास करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं लगता। छात्र जीवन एक ऐसी अवस्था है जहां हर दिन एक नया सबक लाता है। इन प्रेरणादायक उद्धरणों को अपने साथी बनाएँ और हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें। जैसा कि पहले उद्धरण में कहा गया, "सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है।" इस पल को थामें, अपने भीतर की रचनात्मकता और जुनून को जगाएं, और अपने सपनों की ओर बढ़ते रहें। आपमें वह शक्ति है जो आपको दुनिया की ऊंचाइयों तक ले जा सकती है बस उस पर विश्वास करें और कदम बढ़ाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

**उत्तर** 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

**खबर संक्षेप**

## अवैध कॉलोनी में जमीन खरीद पर रहें जागरूक

**रानियां।** जिला नगर योजनाकार विभाग शहरी क्षेत्रों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि कई क्षेत्रों में कॉलोनियां बिना वैध लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए ही विकसित की जा रही हैं, जोकि पूरी तरह से अवैध हैं। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझड़िया ने बताया कि रानिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 126//14/2, 17, 24 को विशेष रूप से उल्लेखित किया गया है, जहां इस प्रकार की गतिविधियों की संभावना पाई गई है। उन्होंने अपील की कि नागरिक अवैध कॉलोनी में जमीन खरीद को लेकर सतर्क रहें।

## अंगूठी चुराने की दूसरी आरोपी महिला गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने सोने की अंगूठी चुराने की दूसरी आरोपी महिला सुमित्रा वासी थेहड़ मोहल्ला, हाल जेजे कॉलोनी सिरसा को गिरफ्तार किया है। शहर थाना सिरसा प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता जोगेंद्र आनंद निवासी श्याम कॉलोनी सिरसा ने शिकायत दी थी कि 20 सितंबर को उसकी ज्वैलर्स की दुकान पर एक युवक बुलेट बाइक पर आया। उसने लेडीज अंगूठी दिखाने की मांग की और मौका पाकर करीब 3.5 ग्राम वजनी सोने की अंगूठी चोरी करके बिना नंबर की बाइक पर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्जकर जांच आरंभ की।

## दहेज प्रताडऩा प्रकरण में आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** महिला थाना पुलिस फतेहाबाद ने दहेज प्रताडऩा से संबंधित एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजकुमार पुत्र सतबीर निवासी अनीपुरा, हांसी को काबू किया है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि इस बारे पूजा पुत्री कप्तान सिंह निवासी बनगांव, फतेहाबाद द्वारा दी गई। शिकायत पर जांच की गई थी, जिसमें पति राजकुमार सहित अन्य परिजनों पर दहेज की मांग, मारपीट, अमानवीय व्यवहार, छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। जांच के दौरान महिला थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाई गई।

## शिक्षक ग्रोवर ने विद्यार्थियों को बताई संघ की महत्ता

# छात्रों को दिया विश्वशांति और एकता का संदेश

*विद्यार्थियों को विश्व शांति और भाईचारे के संदेशवाहक बनने के लिए किया प्रेरित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में संयुक्त राष्ट्र संघ की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग, विश्व शांति तथा वैश्विक एकता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ आज विश्व के सभी देशों को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह विश्व शांति, सुरक्षा और सहयोग का प्रतीक है।

उन्होंने बच्चों को बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न संस्थाएं यूनेस्को, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ, एफएओ, आईएलओ, यूएनडीपी, और यूएनएचसीआर अपने-अपने क्षेत्रों में विश्वभर के देशों की सहायता कर रही हैं। इन सभी संस्थाओं का उद्देश्य मानवता की सेवा, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं का विकास और वैश्विक सहयोग को सशक्त बनाना है।

नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया कि वे विश्व शांति और भाईचारे के संदेशवाहक बनें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व का वह संगठन है जिसने मानवता को युद्धों की विभीषिका से बचाने और शांति की दिशा में अग्रसर करने का कार्य किया है।

हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए और एक अच्छे नागरिक के रूप में विश्व एकता में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने छात्रों को संयुक्त राष्ट्र संघ के आदर्शों, शांति, सहयोग, समानता और मानवता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



**सिरसा।** स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में प्रकाश सिंह, मनीष मेहता, सुखविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, अवतार सिंह, प्रवीण कुमार, देसराज, प्रिंस छाबड़ा, गौरव, टीना, सरोज रानी, रचना मेहता, भूपेंद्र सिंह, मुंशीराम, सुनील खुराना, रोहित, राजेश कुमार आदि स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

## दो किलो चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव पन्नीवाला मोरिका क्षेत्र से एक व्यक्ति को 2 किलो 90 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी डबवाली राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरदेव सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव पन्नीवाला मोरिका क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सडक़ किनारे एक थैला लेकर आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके थैले से 2 किलो 90 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सदर थाना डबवाली में अभियोग दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। वही आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान चूरापोस्त तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाकर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**सिरसा।** हेरोइन सहित पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कार जांच जारी

पुलिस ने शहर के मलोट रोड क्षेत्र से बाइक सवार दो लोगों को हेरोइन व ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है। एएनसी प्रभारी डबवाली सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान शहर के मलोट रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान अंडरब्रिज के पास एक मोटरसाइकिल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़ गया। पुलिस ने शक के आधार पर मोटरसाइकिल को रूकवा लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से सात ग्राम 240 मिलीग्राम हेरोइन व एक हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गहनता से पूछताछ कर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कार चोरी मामले में फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भाटिया नगर से कार चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान जरनैल सिंह उर्फ जेला पुत्र बलबीर सिंह निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा गाड़ी भी बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 22 अक्टूबर को गुरुनानकपुरा चौकी में मांगेराम पुत्र गनपत राम निवासी भाटिया कॉलोनी गली नंबर 1, फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने अपनी टोयोटा इटियोस कार अपने घर के सामने वाले प्लॉट में खड़ी की थी। अगले दिन सुबह उठने पर उसने देखा कि उसकी गाड़ी वहां से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी निगरानी, आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे प्रोफेसर कॉलोनी क्षेत्र से काबू किया। आरोपी जरनैल सिंह उर्फ जेला के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में 22 अक्टूबर को केस दर्ज किया गया है।

# अधिकारी ले रहे कर्मचारियों के सब्र का इम्तिहान : एचएसईबी यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिटी सब डिवीजन में कार्यरत दो जेई राजेश कुमार और मदन लाल को बिना कारण रिलिव किए जाने के विरोध में कर्मचारियों का संघर्ष जारी है। अधिकारियों द्वारा धरना दिए जाने के बावजूद संज्ञान न लेना ये दर्शाता है कि अधिकारी कर्मचारियों के सब्र का इंतिहान ले रहे हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि सिटी एसडीओ रमेश कुमार ने बिना किसी शिकायत व कारण दोनों जेई को सब डिवीजन से रिलीव कर दिया, जिसके कारण सब डिवीजन कर्मचारियों में भारी रोष है। हालांकि इस संबंध में यूनियन पदाधिकारियों ने एसडीओ रमेश कुमार से बातचीत की, लेकिन उन्होंने कोई संतुष्टिजनक जवाब नहीं दिया। वहीं यूनियन ने 1 अक्तूबर को ही चेतावनी पत्र दे दिया था, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। एसडीओ द्वारा किसी अन्य सबडिवीजन के किसी और कर्मचारी को रिलीव नहीं किया और द्वेष भावना व सिर्फ दबाव का बोलकर अनैतिक तरीके से राजेश व मदन लाल जेई को रिलीव कर दिया, जिसका यूनियन पुरजोर विरोध करती है।

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद**

धरने पर कर्मचारी सतिन्दर मोंगा सर्कल सैक्ट्री, सुरेश मंगल की यूनिट सैक्ट्री, देवीलाल बिरड़ा पूर्व यूनिट प्रधान, सीताराम सोनी सिटी यूनिट प्रधान, मनोज कुमार प्रधान सब अर्बन यूनिट, राय सिंह सिटी सब यूनिट सैक्रेटरी, श्यामलाल सब अर्बन यूनिट सैक्रेटरी, सतदेव वत्स उप प्रधान, कुलदीप सोनी सिटी सब यूनिट प्रधान, राकेश कुमार सब यूनिट प्रधान, नीरज, सुरेंद्र पूनिया जीवन नगर सब यूनिट प्रधान, उमाशंकर सह-सेक्रेटरी, रामपाल, रमेश, मुकेश फोरमैन, मदन, राजेंद्र फौजी, सुनील लाईनमैन, मोनू लाईनमैन, कुलदीप जांगड़ा, मोना सिंह फौरमैन, विजय सैनी प्रधान इंडस्ट्रियल सबडिवीजन, प्रमोद दहिया सब अर्बन सब डिवीजन प्रधान सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के नए भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया व उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ (डीजीएम) केजी शर्मा ने शुक्रवार को नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के आर्य समाज रोड पर नए भवन का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया। विधायक गोकुल सेतिया ने कंपनी द्वारा ग्राहकों को सामान्य बीमा क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं के लिए सराहना की। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा पॉलिसी अवश्य करवाएं। इस मौके पर डीजीएम केजी शर्मा ने कहा कि 1906 में शुरू हुई नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सामान्य बीमा क्षेत्र में 118 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर चुकी है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


**सिरसा।** उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेते विधायक गोकुल सेतिया व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अशोक कंबोज, सतीश रहेजा, रेणु बेडवाल, ज्योति कटारिया, अजय डूडी, कुलदीप महन, सोहनलाल, श्रीनिवास, रक्षित शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन व कर्मचारी उपस्थित थे।

**कंपनी ने जीता लोगों का विश्वास**

विधायक गोकुल सेतिया ने बताया कि किसी भी संस्थान के लिए इतना लंबा सफर करना आसान नहीं होता। काफी कठिनाइयां भी आई, लेकिन कंपनी कर्मचारियों ने अपनी मेहनत से सभी कठिनाइयों को दरकिनार करते हुए कंपनी को देशभर में सामान्य बीमा क्षेत्र में सिरमौर बनाया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के विश्वास से कंपनी भविष्य में नए आयाम स्थापित करेगी।

# शिक्षकों की कमी से हो रहा शिक्षण कार्य प्रभावित

- 1 लाख 22 हजार पद स्वीकृत हैं 29 हजार 866 पद खाली पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने प्रदेश में शिक्षकों के हजारों पद खाली होने पर गहरी चिंता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने रिक्त पदों को तत्काल भरने की भी सरकार से मांग की है। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि शिक्षकों के 1 लाख 22 हजार पद स्वीकृत हैं लेकिन उनमें 29 हजार 866 पद खाली पड़े हैं। यदि 11 हजार गेस्ट टीचर्स को छोड़ दें तो हालात और भी खराब हैं। प्रदेश में टीजीटी अध्यापकों की भारी कमी के कारण स्कूल स्तर की शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हो रही है। अगर औसत देखें तो कई जगह 500 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक नियुक्त है। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था की हालत समझी जा सकती है। उन्होंने कहा कि देश में एक तरफ बेरोजगारी का दंश है तो दूसरी तरफ लाखों खाली पद हैं। इन पदों पर नियुक्तियां देकर सरकार खाली घूम रहे युवाओं के सपनों को साकार कर सकती है लेकिन ऐसा संभव नहीं हो रहा।

**बेरोजगारी भारत के लिए एक विकृति बनी**

केडिया ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्तियों का आंकड़ा लगभग 15 लाख बताया था। खाली पदों को भरें और नौकरियों को हकीकत में बदलें, यह जरूरी है। समय आ गया है कि विकसित भारत को फिक्स इट भारत में बदला जाए। बेरोजगारी भारत के लिए एक विकृति बन गई है। यही कारण है कि लाख कोशिशों के बावजूद गरीबी का दायरा बढ़ता जा रहा है।

## फतेहाबाद में जिला युवा महोत्सव तीन और चार नवंबर को

**फतेहाबाद।** युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडऩे एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से भारत सरकार के खेल एवं युवा मामले मंत्रालय द्वारा जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिला के युवाओं को आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में 3 व 4 नवंबर को आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लें क्योंकि ऐसे ही मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने से हमारा हौंसला बढ़ता है और जीवन में आगे बढऩे की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि जिला युवा महोत्सव के तहत साइंस मेला समूह व एकल, लोक नृत्य समूह, लोक गीत ग्रुप, कहानी लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, लोक संगीत वाद्य प्रतियोगिता समूह व एकल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। जिला स्तरीय की किसी भी विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी, राज्य स्तरीय के लिए चयनित होंगे और राज्य स्तरीय पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर आधारित साइंस मेला समूह में प्रथम व द्वितीय विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होगी।

**2 नवंबर तक करें पंजीकरण**

जिला स्तरीय युवा महोत्सव में किसी भी शिक्षण संस्थान का विद्यार्थी अथवा जिला का मूल निवासी हिस्सा ले सकता है, जिसकी आयु 15 से 29 वर्ष तक हो। मूल दस्तावेज की फोटो प्रतियों के साथ आवेदक को राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा अथवा किसी भी राजकीय आईटीआई में 2 नवंबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

# मुख्त्यार सिंह कॉलेज बहबलपुर में मनाया संयुक्त राष्ट्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग तथा एनएसएस इकाई के तत्वाधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के शांति, सुरक्षा एवं सतत विकास के उद्देश्यों पर चर्चा की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र का चार्टर लागू हुआ, जिसे संयुक्त राष्ट्र के जन्म की आधिकारिक तिथि माना जाता है, इसलिए प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर का दिन संयुक्त राष्ट्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1945 में स्थापना के बाद संयुक्त राष्ट्र विश्वभर में सहयोग व शांति का प्रतीक बन गया है। इसका उद्देश्य युद्ध तथा संघर्ष को रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। आज के दिन शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों की याद दिलाते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में संतोष, अंजली व गगन की टीम ने प्रथम स्थान, आकाश, अंजू व पूजा की टीम ने दूसरा स्थान तथा अमन, अमनप्रीत व महक की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अमित ज्योति व सुमित्रा देवी ने किया।

## विधिक सेवा प्राधिकरण 25 से 30 अक्टूबर तक गांवों में आयोजित करेगा जागरूकता शिविर

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 25 से 30 अक्टूबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी द्वारा एसिड हमलों के पीड़ित, आपदा पीड़ित, असंगठित क्षेत्र के लिए श्रमिकों, मानसिक रूप से विकलांग एवं दिव्यांग व्यक्तियों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं, विधवा योजना, गरीबी उन्मूलन योजना, अत्याचार और अस्पृश्यता तथा तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के शिकार योजना इत्यादि बारे जानकारी दी जाएगी।

**इस प्रकार रहेंगे कार्यक्रम**

25 अक्टूबर को गांव ढाणी ठोबा में अधिवक्ता सुभाष चंद्र जांगु व पीएलवी विश्वामित्र तथा गांव कुम्हारियां में अधिवक्ता पूनम रानी व पीएलवी सुनीता, 26 अक्टूबर को गांव भोडिया खेड़ा में अधिवक्ता मुकेश कुमार व पीएलवी महेंद्र सिंह तथा गांव नखाटिया में अधिवक्ता शाहनवाज व पीएलवी गुरजीत कौर, 27 अक्टूबर को गांव सरवरपुर में अधिवक्ता सिद्धार्थ भोला व पीएलवी रेखा रानी, 28 अक्टूबर को गांव कारिया में अधिवक्ता पुनम रानी व पीएलवी बाला रानी, 29 अक्टूबर को गांव बोसवाल में अधिवक्ता एमएल भांभू व पीएलवी गीता रानी तथा 30 अक्टूबर को गांव जांडवाला बागड़ में अधिवक्ता शहनवाज व पीएलवी सरला देवी नागरिकों को नालसा व हालसा की विभिन्न स्कीमों बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगे।

## राजेंद्रा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने मारी बाजी

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसिज रोहतक की ओर से जीएनएम तृतीय वर्ष के घोषित किए गए परिणामों में राजेंद्रा स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने जिले में अपना परचम लहराया है। संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता के मुताबिक इस परीक्षा के परिणाम में संस्थान की छात्रा प्रीति ने 600 कुलांक में से 477 अंक अर्जित कर पूरे जिले में अव्वल स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार छात्रा तान्या ने 600 अंकों में से 469 अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि संस्थान की छात्रा मोनिका व सीमा ने संयुक्त रूप से 600 अंकों में से क्रमशः 468-468 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**धर्म** — श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा कर बाबा की महिमा में जयकारे लगाकर मंदिर परिसर को गुंजायमान किया

# भैया दूज पर श्रद्धालु पहुंचे रामदेवरा, जोत के दर्शन कर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कार्तिक माह की भैया दूज के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारे लगाकर मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। मंदिर रामदेवरा पुजारी ने रूणेचा धाम रामदेवरा की तर्ज पर धूपिया पर बाबा रामदेव महाराज की सांची व पावन ज्योत प्रज्वलित की। जोत प्रज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन किए और मन्नतें मांगते हुए बाबा के दरबार में शीश नवाया। मंदिर रामदेवरा पुजारी ने बाबा रामदेव महाराज की धूपिया पर आरती कर बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, मिष्ठान, मिश्री, फल व बताशे आदि का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी पर बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा, अर्चना व अराधना की जाती है। दूरदराज से श्रद्धालु आकर बाबा रामदेव महाराज की आरती में शामिल होते हैं और मन्नतें मांगते हैं। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा, किशनलाल चौहान, राकेश जोइया, कमल डाबी, सुभाष गहलोत, सोनू शर्मा, मनोज चायल, राजकुमार चायल, हर्ष सैनी मौजूद थे।


**फतेहाबाद।** प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## श्री श्याम कार्तिक मेला महोत्सव 30 से

**सिरसा।** नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर का 62वां श्री श्याम कार्तिक मेला महोत्सव 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के सहसंरक्षक तेजपाल शर्मा ने बताया कि श्री लखदातार उत्सव समिति द्वारा आयोजित होने वाले इस समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चार दिवसीय आयोजन में पहले दिन 30 अक्तूबर को दोपहर 2 बजे से श्री श्याम निशान रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में मंदिर से जुड़े स्वयंसेवक कार्यकर्ता यातायात से लेकर श्रद्धालुओं को बाबा के साक्षात दर्शन करवाने में सहयोग करेंगे। दूसरे दिन 31 अक्तूबर को श्री श्याम महामंत्र जप से लेकर गऊदान सेवा सहित बाबा श्याम को समर्पित अनेक कार्यक्रम संपन्न होंगे। 1 नवंबर एकादशी के पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन होगा व रात्रि में घंटाघर चौक पर भजन अमृत वर्षा का आयोजन होगा। इसमें उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल एवं हरियाणा के सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविन्द शर्मा मुख्य यजमान के रूप में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद लेंगे। राजस्थान दौसा से प्रख्यात भजन गायक अजय शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। 2 नवंबर को बारस धोक का भव्य आयोजन सभी श्रद्धालुओं के साथ मिलकर मनाया जाएगा, जिसमें बाबा श्याम की पावन ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी एवं हवन यज्ञ किया जाएगा।

## घरेलू विवाद में आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घरेलू विवाद के मामले में महिला थाना फतेहाबाद ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंकज पुत्र अमीरचंद निवासी भीमा बस्ती, फतेहाबाद के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि परिवादिया किरण पुत्री सीताराम निवासी शिव चौक फतेहाबाद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि शादी के बाद से उसके पति पंकज व ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट, मानसिक प्रताडऩा, जाति सूचक गालियां निकालना और दहेज की मांग की जा रही थी। शिकायत में यह भी उल्लेख था कि बच्चों के संबंध में झूठे आरोप लगाकर उसे मानसिक रूप से परेशान किया गया।

खबर संक्षेप

## मारपीट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** त्यौहार के दिन एक परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करने के मामले में जाखल पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान प्रदीप सिंह पुत्र चमकौर सिंह व चमकौर सिंह पुत्र लीला सिंह निवासी तलवाड़ा के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि रानी पत्नी रुलदू सिंह निवासी तलवाड़ा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे वह अपने परिवार के साथ त्यौहार मना रही थी। इसी दौरान पड़ोसी चमकौर सिंह ने गालियां देनी शुरू कर दीं।

## महिला उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने दहेज उत्पीडऩ और मारपीट के मामले में आरोपी मनदीप सिंह उर्फ मणि पुत्र सतनाम सिंह निवासी रायपुर ढाणी को काबू किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पूनम पुत्री कृष्ण निवासी डिग्गी ढाणी नथवान ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी पहचान आरोपी मनदीप सिंह से लगभग आठ वर्ष पूर्व हुई थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए और बाद में शादी से इंकार कर दिया।

## एकता व भाईचारे का संदेश देगी रन फॉर यूनिटी

**सिरसा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्तूबर को प्रातः सात बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रहेगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपमंडल अधिकारी (नागरिक), सिरसा राजेंद्र कुमार को संपूर्ण प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## डेंगू से बचाव के लिए सावधानी बरतें : डीसी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिलावासियों से अपील की है कि वे वर्तमान मौसम को देखते हुए डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका यह है कि घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, पुराने टायर और पानी की टंकियों का पानी सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य बदलें तथा सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाएं। उपायुक्त आमजन से कहा कि वे पूरी बाजू के कपड़े पहनें, मच्छररोधी क्रीम या स्प्रे का प्रयोग करें और मच्छरों से बचाव के उपायों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

## दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव रतनगढ़ स्थित किरयाणा दुकान में हुई चोरी के मामले में रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सतपाल सिंह उर्फ पालू पुत्र जगसीर सिंह उर्फ सिरा निवासी रतनगढ़ के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 19 अगस्त को शिकायतकर्ता सिकंदर लाल पुत्र दिवाया लाल निवासी गांव रतनगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी करियाणा व चाय की दुकान, जिससे नकदी व सामान चोरी हो गया।

## नेहरा खाप महासम्मेलन 1 नवम्बर को हिसार में

**सिरसा।** एक नवम्बर को हिसार में नेहरा खाप राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन में देशभर के नेहरावंशी भाग लेंगे। नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा ने बताया कि कुछ समय पहले हिसार में हुई नेहरा खाप की एक मीटिंग में फैसला लिया गया था कि नेहरा खाप राष्ट्रीय महासम्मेलन 2 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा। लेकिन 2 नवम्बर को देव उठनी एकादशी होने के कारण महासम्मेलन में आने में लोगों को परेशानी हो रही थी, जिसे अब एक दिन पहले यानी 1 नवम्बर को करने का फैसला लिया गया है।

### आगजनी रोकने को लेकर एसडीएम ने ली निगरानी टीमों की बैठक

# पराली जलाने वाले किसानों पर केस दर्ज कर उनके नाम रेड एंट्री में डाले : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत धान की पराली में आगजनी पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपमंडलाधीश राजेश कुमार की अध्यक्षता में डीपीआरसी हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी, खंड स्तरीय निगरानी टीम तथा उपमंडल स्तरीय निगरानी टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीएम राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरसेक पोर्टल के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा लोकेशन प्राप्त होना भी प्रारम्भ हो चुका है, इसलिए सभी टीमें अपने-अपने कार्यक्षेत्र में हर समय फील्ड में सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आगजनी की घटना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जिन किसानों द्वारा पराली में आग लगाई जा रही है, उनके विरुद्ध माननीय एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार चालान जारी करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाए तथा उनके मेरी फसल मेरा ब्यौरा रिकॉर्ड में रेड एंट्री की जाए। ग्राम स्तरीय टीमों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे सीआरएम रिपोर्टिंग एप डाउनलोड करें और किसानों द्वारा पराली प्रबंधन हेतु किए गए आवेदनों का सत्यापन करें। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों में धान की पराली की गांठ बनाकर गऊशालाओं में दें या पंचायती जमीन पर इसका भंडारण करें, ताकि वे सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत दी जाने वाली 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पराली जलाना न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को प्रभावित करता है बल्कि प्रदूषण भी होता है।


फतेहाबाद। डीपीआरसी हॉल में बैठक लेते एसडीएम राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### डीसी से मिले कृषि विभाग के अधिकारी

**फतेहाबाद।** पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कृषि अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज करवाने का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों के साथ होने वाली टकराव की स्थिति को देखते हुए कृषि अधिकारियों में भी चिंताए बढ़ गई है। विभाग के फील्ड स्टाफ ने फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर उनके शिकायत पर एफआईआर दर्ज करवाने पर आपत्ति जताई है।

### पुलिस ने किसानों को जागरूक किया

**फतेहाबाद।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वायु अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने सामाजिक पहल करते हुए किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारियों, बीट अधिकारियों और सीएलजी सदस्यों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद किया और पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि पराली जलाना न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि मिट्टी की उपजाऊ क्षमता भी घटाता है। इससे साँस संबंधी बीमारियां, सडक हादसे और वायु गुणवत्ता में गंभीर गिरावट जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। किसान देश की रीढ़ हैं। उनका सहयोग ही स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण की सबसे बड़ी ताकत है। पराली जलाना हमारी सांसों को भी नुकसान पहुंचाना है। फतेहाबाद पुलिस ने किसानों को पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी दी। उन्हें बताया गया कि आधुनिक तकनीक और सरकारी



योजनाओं के माध्यम से बिना जलाए खेत को दोबारा उपयोग योग्य बनाया जा सकता है। इस पहल से न केवल कानून-व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और जनहित में एक सकारात्मक संदेश भी देता है।

### परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

# भूना में 11वीं की छात्रा संदिग्ध हालत में लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

■ नाना-नानी ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11वीं की 16 वर्षीय छात्रा 7 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, छात्रा रोजाना की तरह उस दिन भी घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिवार ने हर संभव जगह तलाश की, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद छात्रा के नाना-नानी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पीड़िता के नाना-नानी का कहना है कि उनकी दोहती के गुम होने के पीछे नरेंद्र नार उर्फ रमलू नामक व्यक्ति का हाथ हो सकता है। उनका आरोप है कि उन्होंने यह शक पुलिस को बताया, लेकिन पुलिस ने गंभीरता से जांच नहीं की। बुजुर्ग दंपति ने बताया कि वे रोजाना थाने के चक्कर काट रहे हैं, मगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। नानी ने यह भी आरोप लगाया कि जिम्मेदार महिला पुलिस अधिकारी उल्टा उन्हें ही धमका रही हैं और यह कह रही हैं कि उनके पास सरकारी गाड़ी नहीं है, इसलिए खोजबीन में परेशानी आ रही है। इस मामले में परेशान होकर बुजुर्ग दंपति ने पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद से गुहार लगाई है कि उनकी दोहती किसी मुसीबत में फंसी हो सकती है, इसलिए उसे जल्द से जल्द खोजा जाए। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया है कि जांच में तेजी लाई जाए और शक के घेरे में आए व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ की जाए, ताकि बेटी का पता चल सके।

### शहीदी दिवस पर हुई स्पोर्ट्स मीट

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा में पुलिस शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक स्पोट्र्स मीट और सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि डीएसपी संजीव बल्हारा डीएसपी शामिल हुए। इस मौके पर अध्यापक चमन भारतीय ने कहा कि सेवा सुरक्षा और सहयोग और पुलिस की उत्कृष्ट कार्य शैली, दिन रात उनकी मेहनत लगन परिश्रम और राष्ट्र सेवा के बारे में बताया कि किस प्रकार जोखिम उठाकर भी हमारी रक्षा पुलिस विभाग करता है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर के मध्य में पुलिस शहीदी दिवस मनाया जाता है, जो पुलिस के कर्मचारी, अधिकारी राष्ट्र के लिए अपना बलिदान देते हैं, शहादत देते हैं उनको याद किया जाता है, उनको नमन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने नशामुक्त राष्ट्र के बारे में कहा कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए और देशसेवा का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने खेलों के बारे में भी बताया कि राष्ट्र का एक छोटा सा प्रांत हरियाणा है मगर खेलों में सर्वाधिक पदक लाता है। ट्रैफिक इंचार्ज शमशेर सिंह ने कहा कि सभी को यातायात के नियमों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए।

# जिला पुस्तकालय को लेकर एसडीएम से मिला संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल

■ लि पुस्तकालय को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सैनी के फतेहाबाद आगमन से पहले जिला पुस्तकालय का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। आज पुस्तकालय संघर्ष समिति के संयोजक एवं पार्षद मोहन लाल नारंग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम राजेश कुमार से मुलाकात कर जिला पुस्तकालय को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने की चर्चा की। गौरतलब है कि पुस्तकालय संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल जिला पुस्तकालय के लिए भूमि आवंटन व निर्माण को लेकर लगभग डेढ़ माह पहले उपायुक्त से मिला था और विस्तारपूर्वक चर्चा के बाद उपायुक्त ने भूमि चयन के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि फिलहाल जिला पुस्तकालय बाल भवन में चल रहा है, लेकिन वहां जगह की भारी कमी के कारण अधिकांश पुस्तकें और अलमारियां बस स्टैंड स्थित पुराने भवन में ही पड़ी हुई हैं। इससे आजीवन सदस्यों व पाठकों को पुस्तकों को इश्यू करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


फतेहाबाद। एसडीएम से मिलने जाता पुस्तकालय संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल।

### पैसों के लेन-देन पर घर में घुसकर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहे विवाद में एक घर में घुसकर हमला करने के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मेजर सिंह पुत्र सूरजभान उर्फ भान सिंह निवासी बलियावाला को काबू किया है। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि इंदु पत्नी संजय कुमार निवासी बलियावाला ने अपने बयान में बताया था कि 30 सितंबर की शाम करीब 7-8 बजे उसका अपने देवर राजकुमार पुत्र गजे सिंह से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ। उसी दौरान राजकुमार, उसकी पत्नी खुशबू कुमारी तथा मेजर सिंह ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की।

# नशा मुक्ति टीम ने बीघड़ व बनगांव में ड्रग के खिलाफ किया जागरूक

■ स्कूलों में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से आगाह किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत निरंतर जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में उपनिरीक्षक सुंदर के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव बीघड़ में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में तीनों पंचायतों के नुमाइंदों, आशा वर्करों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के दौरान नशा मुक्ति टीम द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करती है। टीम ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास और पारिवारिक सहयोग से ही नशे के इस दुष्चक्र को तोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे से बचाव, उपचार के उपाय तथा सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इसके पश्चात नशा मुक्ति टीम ने गांव के श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल में एक सेमिनार आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।


फतेहाबाद। विद्यार्थियों को संबोधित करते नशामुक्ति टीम इंचार्ज एएसआई सुंदर।


रानियां। शिविर में रक्तदान करता एक युवक।

### ट्रस्ट ने लगाया रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर

**रानियां।** नामधारी पैट्रोल पंप जीवन नगर पर सुखदेव सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट संतनगर की ओर से रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एएसपी फैसल खान ने बतौर मुख्य अतिथि और सुभम शर्मा तहसीलदार ने शिरकत की। शिविर में रेडक्रॉस की टीम द्वारा 112 यूनिट तथा शिव शक्ति ब्लड सैंटर की टीम ने 79 यूनिट रक्त संग्रहण किया। इस दौरान सतगुरू प्रताप सिंह अस्पताल सिरसा से हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ और बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी 125 लोगों की निशुल्क जांच हुई और 70 लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरीत की गई। एएसपी फैसल खांन ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे भी समाज हित के कार्यों में युवाओं को आगे आने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में ट्रस्ट प्रधान राजेन्द्र सिंह संधू ने बताया कि प्रति वर्ष रक्तदान, निशुल्क स्वास्थ्य जांच, पौधा रोपण, पौधा वितरण व समाज के अन्य जरूरतमंद परिवारों के लिए सामाजिक कार्य कर रही है। इस मौके पर क्षेत्र के ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।

# एसडीएम ने किया मंडी का निरीक्षण

■ सुरेंद्र सिंह ने राइस मिलों का भी निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को रतिया क्षेत्र में अनाज मंडियों व विभिन्न राइस मिलों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने रतिया अनाज मंडी, ढाणी दादूपुर और लाली गांव में मंडियों का दौरा किया और मार्केट कमेटी सचिव व संबंधित अधिकारियों से धान खरीद प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि धान के सीजन में उपमंडल रतिया क्षेत्र में सभी मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। मंडियों में व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इसके साथ ही एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मार्केट कमेटी अधिकारियों से खरीद कार्य, उठान कार्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने खरीद व उठान से संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि फसल बिक्री में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए और मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी उचित प्रबंध होना चाहिए। इस दौरान एसडीएम ने मंडी में धान खरीद कार्य की पूरी प्रक्रिया को देखा और चैक किया और इस बारे में अधिकारियों से फीडबैक भी लिया।


रतिया। अनाज मण्डी का निरीक्षण करते एसडीएम।

### पार्षद नायक के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने सीएम मिला

**फतेहाबाद।** मनोनीत पार्षद एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य जगदीश नायक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला जिसमें भूना नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, पार्षद ज्ञानी राम, सुलतान सिंह, रवि, निहाल सिंह सहित अनेक गणमान्य जन शामिल थे। इस मौके पर जगदीश नायक ने फतेहाबाद की विभिन्न समस्याओं बारे मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पार्षद जगदीश नायक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के मान-सम्मान में उन्हें सरोपा भेंट किया। काफी लंबी चली इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्षद जगदीश नायक के साथ बातचीत करते नजर आए।


रानियां। फतेहाबाद। जगदीश नायक के नेतृत्व सीएम से मिलते प्रतिनिधिमंडल।

# शहरों और गांवों में खुलेआम बिक रहा नशा : सैलजा

■ नशे की ओवरडोज से एक माह में चार युवकों की मौत पर सैलजा ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा जिले के गांव ओटू में नशे की ओवरडोज से एक माह में चार युवकों की हुई मौत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हरियाणा के गांव अब नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं और सरकार की नशा-मुक्त समाज की घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद गंभीर सामाजिक संकट का रूप ले चुका है, लेकिन सरकार और प्रशासन मौन दर्शक बने हुए हैं।

कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में कहा कि सिरसा ही नहीं, बल्कि फतेहाबाद, कैथल, अंबाला और राज्य के अन्य जिलों से भी नशे के कारण युवाओं की मौतों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। यह स्थिति बताती है कि प्रदेश की जवानी धीरे-धीरे नशे की दलदल में फंसती जा रही है और सरकार इस विनाशकारी प्रवृत्ति को रोकने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि गाँवों और कस्बों में नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है, लेकिन नशा बेचने वालों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही।

### डबवाली में तप अभिनंदन समारोह आयोजित

# 10 वर्ष की अल्पायु में अनुभवी जैन ने की व्रतों की अठाई

### एसएस जैन स्थानक में कार्यक्रम, शोभायात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

डबवाली की धार्मिक इतिहास में आज एक नई गाथा लिखी गई। यहां मात्र 10 वर्ष की आयु में बालिका अनुभवी जैन ने व्रतों की अठाई की। ऐसा कर विलक्षण उदाहरण बनी अनुभवी के सम्मान में शुक्रवार को एसएस जैन स्थानक में तप अभिनंदन-मेहंदी रस्म समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में 8वें दिन शुक्रवार सुबह एक शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। यह शोभायात्रा तेरापंथ भवन के नजदीक स्थित चरण दास के निवास स्थान से रवाना होकर मुख्य बाजारों से होते हुए जैन स्थानक में पहुंच कर संपन्न हुई। यहां सबसे पहले अनुभवी जैन ने महासाध्वी सुव्रत प्रभा महाराज-ठाणे-4 का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महासाध्वी सुव्रत प्रभा महाराज ने कहा कि जैसे सोने को निखारने के लिए उसे अग्नि में तपाया जाता है वैसे ही आत्मा को निर्मल बनाने के लिए तप रूपी अग्नि में तपाया जाता है। तप करने से कर्मों की निर्जरा होती है और आत्मा पवित्र बनती है। जैन सभा प्रधान सुभाष जैन पप्पी ने बताया कि यह बहुत ही कठोर तप है।


डबवाली। अनुभवी जैन को आशीर्वाद देते जैन संत व अन्य।

### श्रद्धालुओं ने तपस्या के मंगल गीत गाए

इसके उपरांत अनुभवी जैन की मेहंदी रस्म की गई जिसमें जैन श्रद्धालुओं ने तपस्या के मंगल गीत गाए। समारोह में विधायक आदित्य देवीलाल, नगरपरिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, गौशाला चौटाला के प्रधान ओंकार गोयल, संदीप चौधरी, युवा इनेलो नेता राजू शर्मा के अलावा बठिंडा, रानिया, रोडी, करणपुर, लाल बाई व आसपास के गांवों से जैन समाज के लोग विशेष तौर पर शामिल हुए।